चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/7890
दिनांक : 31.05.2023

सेवा में,
प्राचार्य/प्राचार्या,
एस0एस0वी0 कालेज ,
हापुड।

विषयः– दिनांक 01.06.2023 से 21.06.2023 तक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांकः–पी0ए0/7514 दिनांक 03.05.2023 का संदर्भ ग्रहण करें, जो कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थानों में दिनांक 01.06.2023 से 21.06.2023 तक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कराये जाने के सम्बन्ध में है।

अतः उक्त के क्रम में मा0 कुलपति महोदया जी के आदेशानुसार जनपद–हापुड में आपके महाविद्यालय को दिनांक 01.06.2023 से 21.06.2023 तक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कराये जाने हेतु नोडल केन्द्र बनाया जाता है, साथ ही उपरोक्त कार्यक्रम कराये जाने हेतु आपको पर्यवेक्षक नामित किया जाता है। आपसे अपेक्षा है कि आप अपने महाविद्यालय में अनिवार्य रूप से दिनांक 01.06.2023 से 21.06.2023 तक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कराते हुये जनपद हापुड के महाविद्यालय/संस्थानों में आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम की आख्या, फोटोग्राफ कुलसचिव कार्यालय की मेल आई0डी0 **registrar @ ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
31/05/2023
कुलसचिव

<u>प्रतिलिपि निम्न का सूचनार्थ प्रेषित :–</u>

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया जी के सूचनार्थ।
02. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
03. प्रभारी बेवसाईट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव